गुरुवार

23 मार्च, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





22 मार्च 1912 में अंग्रेजों ने बंगाल से अलग कर बिहार का किया था गठन 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


**बिहार दिवसः पटना के गांधी मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन**

# बिहार को मिले विशेष राज्य का दर्जा: नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज हुआ। पटना के गांधी मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीएम नीतीश कुमार ने उद्घाटन किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने फिर से विशेष राज्य की मांग को दोहराते हुए कहा कि हम लोग बहुत पीछे हैं। राज्य के विकास के लिए विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार का विकास दर लगातार बढ़ रहा है। लेकिन, विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए तो बिहार और आगे बढ़ जाएगा। देश मे प्रतिव्यक्ति आय 1 लाख 50 हजार है। बिहार का प्रतिव्यक्ति आय 64 हजार 383 रु है। मदरसा में शिक्षकों का वेतन सामान्य शिक्षकों की तरह है। देश के किसी भी राज्य में महिला पुलिस इतनी बड़ी संख्या में नहीं है। हमने जीविका शुरू किया तो देश में आजीविका शुरू हुआ।

सीएम ने यह भी कहा कि बिहार संतों की भूमि है। भगवान महावीर को यहीं ज्ञान मिला है। बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है। बिहार को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा हूं। बिहार दिवस में अब सबलोग भाग ले रहे हैं। बिहार के बाहर भी बिहार दिवस मनाया जा रहा है। यहां कई ऐतिहासिक जगह है। जहां देश- विदेश से लोग आते हैं। हम अपने इतिहास को संवार रहे हैं। आप लोग बिहार के इतिहास को जानिए। बिहार का म्यूजियम अंतर्राष्टीय स्तर का है। बहुत सारे अमीर राज्य हैं। लेकिन, बिहार में ही अंतराष्ट्रीय म्यूजियम बना है। टेक्नोलॉजी में भी बिहार के इतिहास को डलवा दीजिए। इस बार इंटर रिजल्ट में लडकियों का परसेंटेज लड़कों से ज्यादा हो गया है।

इससे पहले तेजस्वी यादव ने शायराना अंदाज में बिहारवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि 'हम दिलो जान से करते हैं दोस्ती यारी, इज्जत से कहा करो हम हैं बिहारी'। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने



महापुरुषों का जिक्र करते हुए लालू प्रसाद और नीतीश कुमार का भी नाम दिया। उन्होंने लालू प्रसाद और नीतीश कुमार को महापुरुष बताया। वहीं, उन्होंने कहा कि बिहार मेरा जान , बिहार मेरा पहचान, बिहार का गौरवशाली इतिहास है। बिहार को इग्नोर करके देश के विकास की कल्पना नही की जा सकती है। हम लोग कम संसाधन में विकास के नए पायदान को छू रहे हैं। हमलोग सभी वर्ग का विकास कर रहे है। हम लगातार विकास कर रहे सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में तीसरे स्थान पर हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर में बिहार अव्वल है। गया, नवादा, राजगीर गंगा का पानी पहुंचाकर इतिहास रचा है।

## मगरमच्छ से भाई की जिंदगी बचाने वाला बच्चा सम्मानित

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मगरमच्छ से भाई की जिंदगी बचाने वाले बच्चे धीरज को सम्मानित किया। साथ ही दरभंगा की ज्योति कुमारी को भी सीएम ने सम्मानित किया। 17 साल की ज्योति अपने पिता को लॉकडाउन के दौरान गुड़गांव से दरभंगा अपने गांव साइकिल से लेकर आई थी। वहीं, बिहार दिवस के मौके पर गणितज्ञ आनंद कुमार को भी सम्मानित किया गया। इससे पहले अलग-अलग विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल का भी जायजा लिया। सीएम के साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, कई मंत्री समेत अधिकारी मौजूद थे।

## बड़ी संख्या में लोग बिहार दिवस समारोह में पहुंचे

मुख्य समारोह और अत्यधिक भीड़ की वजह से सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम भी किए गए हैं। पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोग बिहार दिवस समारोह में शामिल होने गांधी मैदान पहुंचे। लोगों ने जमकर मस्ती की और खाने-पीने से लेकर एक से बढ़कार एक प्रदर्शनियों का लुफ्त भी उठाया। पूरे गांधी मैदान में अलग-अलग जगहों पर 14 विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है। मैदान परिसर के साथ ही पूरे गांधी मैदान में सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। गेट नंबर एक के पास नियंत्रण कक्ष और अस्थायी थाना बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष में ही सीसीटीवी कैमरों के वीडियो फुटेज को देखने के लिए स्क्रीन लगा है।

## ये किए गए सम्मानित







# पीएम मोदी की अपील... कोरोना वायरस को लेकर सतर्कता बरतें

**मौजूदा हालात और तैयारियों की हुई समीक्षा**

**एजेंसी/नई दिल्ली**



देश में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौजूदा हालात और जन स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कोरोना वायरस को लेकर एहतियात और सतर्कता बरतने की सलाह दी। पीएम ने सभी गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी मामलों की प्रयोगशाला निगरानी और टेस्टिंग बढ़ाने और जीनोम सिक्वेंसिंग में तेजी लाने की जरूरत पर जोर दिया। इसके साथ ही कोविड के खिलाफ तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों में फिर से मॉक ड्रिल का आयोजित करने का निर्देश दिया और लोगों को कोविड से बचाव के लिए उचित व्यवहार का पालन करने की सलाह दी।

**भारत में कोरोना वायरस के 1,134 नए मामलेः** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में कोरोना वायरस के 1,134 नए मामले दर्ज किए गए हैं, वहीं एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 7,026 पहुंच गई है। सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से पांच लोगों की मौत होने के साथ मृतक संख्या 5,30,813 हो गयी है। ताजा आंकड़ों में केरल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक मौत दर्ज की गई जबकि केरल में पूर्व में हुई मौत कोविड-19 से होने की पुष्टि होने पर संबंधित आंकड़ों में शामिल किया गया। वहीं दैनिक संक्रमण दर 1.09 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.98 प्रतिशत दर्ज की गई।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 8 लोगों की मौत, 17 घायल

**एजेंसी/कांचीपुरम**

तमिलनाडु के कांचीपुरम में बुधवार को पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल की कई गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हैं। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। कांचीपुरम कलेक्टर एम. आरती ने बताया कि फैक्ट्री में 25 लोग काम कर रहे थे। उधर, फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज के डीजीपी आभास कुमार ने बताया कि धमाके से फैक्ट्री की पूरी बिल्डिंग ढह गई। फायर सर्विस की टीम और जिला पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है।

# रेलवे ने एसी 3-टियर इकोनॉमी क्लास का किराया कम किया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

रेलवे ने पुराने सिस्टम को लागू करते हुए एसी 3-टियर इकोनॉमी क्लास का किराया कम कर दिया है। अब एसी-3 टियर की तुलना में इकोनॉमी क्लास में यात्री को 60-70 रुपए कम देने होंगे। रेलवे ने सितंबर 2021 में सस्ती अउ यात्रा सर्विस देने के लिए एसी-3 इकोनॉमी कोच की शुरूआत की थी, लेकिन नवंबर 2022 में एसी 3-टियर इकोनॉमी और एसी 3-टियर के मर्जर के कारण दोनों क्लास का किराया बराबर हो गया था।



**रिफंड किया जाएगा पैसाः** रेलवे ने कहा कि जिन यात्रियों ने पहले ही आज से आगे की डेट के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन टिकट बुकिंग की है, उन्हें नई दरों के हिसाब से पैसा रिफंड किया जाएगा। हालांकि काउंटर से टिकट लनेवाले यात्रियों को बचा हुआ पैसा वापस लेने बुकिंग काउंटर पर जाना पड़ेगा।

# कांग्रेस नेता जयराम रमेश बोले... हम चाहते हैं कि अडाणी नहीं बल्कि मोदी जी आप चुप्पी तोड़ें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को अडाणी मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- पिछले तीन-चार दिनों से कोशिश की जा रही है कि विपक्ष जेपीसी की मांग वापस ले ले, तो भाजपा राहुल गांधी से माफी मंगवाने वाली मांग वापस ले लेगी। हम यह सौदा नहीं करेंगे। हम चाहते हैं कि अडाणी नहीं बल्कि मोदी जी आप चुप्पी तोड़िए। उन्होंने कहा कि घोटाला केवल शेयर बाजार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पीएम मोदी और सरकार की



नीतियों, नीयत और इरादों से भी जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट में जो कमेटी बैठाई गई है, उनमें जाने माने विशेषज्ञों की कमेटी हैं। यह समिति अडाणी केंद्रित कमेटी है। ये अडाणी से सवाल करेंगे। हम जो सवाल कर रहे हैं वो अडाणी से नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री से है। कमेटी और जेपीसी के बीच में यही मौलिक अंतर है।


जयराम रमेश ने कहा कि यह सवाल सुप्रीम कोर्ट की समिति सरकार से सवाल नहीं करेगी। वह सोचेंगे भी नहीं उनकी हिम्मत भी नहीं होगी। वह उन्हें क्लीन चिट दे देंगे। यह सिर्फ जेपीसी में ही उठाया जा सकता है। जेपीसी में भाजपा के अध्यक्ष होंगे। बहुमत भी उनकी ही होगी, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष को इन सवालों को उठाने के लिए एक मौका मिलेगा। फिर सरकार की ओर से जवाब आएगा और इन सब को रिकॉर्ड किया जाएगा।

**राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साल 2023 के पद्म पुरस्कार को किया वितरित**

# मंगलम बिड़ला समेत 106 लोगा पद्म पुरस्कार से सम्मानित

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साल 2023 के पद्म पुरस्कारों को वितरित किया। बुधवार को 106 लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने पहला सम्मान आर्किटेक्ट बालकृष्ण दोषी को दिया। उनकी बेटी ने पिता को मिला पद्म विभूषण सम्मान ग्रहण किया। इसके बाद बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिड़ला को व्यापार और उद्योग क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएम कृष्णा को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। अनुभवी निवेशक और अकासा एयर के संस्थापक स्वर्गीय राकेश झुनझुनवाला को पद्म श्री (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला ने राष्ट्रपति से ये सम्मान ग्रहण किया। गायिका सुमन कल्याणपुर को पद्म





भूषण और पंडवानी गायिका उषा को पद्म श्री दिया गया। उन्होंने अपने चार दशक के करियर के दौरान हिंदी, मराठी और 11 अन्य भाषाओं में अनगिनत हिट गानों को अपनी आवाज दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोफेसर कपिल कपूर को साहित्य और शिक्षा के लिए पद्म भूषण प्रदान किया। यह जेएनयू में अंग्रेजी के प्रोफेसर रह चुके हैं। इन्हें भारतीय ज्ञान प्रणालियों को एकीकृत कर-के और इसके लिए संस्थानों की स्थापना करके उच्च शिक्षा को स्वदेशी बनाने का प्रयास करने के लिए जाना जाता है। माता नी पछेड़ी के 400 साल पुराने पारंपरिक शिल्प की विरासत को आगे बढ़ाने वाले चुनारा समुदाय के 7वीं पीढ़ी के कलमकारी कलाकार भानुभाई चित्रारा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया। त्रिपुरा के स्वदेशी पीपुल्स फ्रंट के दिवंगत अध्यक्ष नरेंद्र चंद्र देबबर्मा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म श्री (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया।




## खबरें फटाफट

### छत से गिरकर महिला जख्मी

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहियां गांव में बुधवार को छत से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहियां गांव निवासी संजय कुमार की 35 वर्षीया पत्नी दुर्गावती देवी है। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह वह कपड़ा डालने छत पर गयी ई थी। उसी दौरान वह असंतुलित होकर नीचे गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

### हादसे में महिला समेत दो जख्मी

**आरा।** आरा-पटना फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव के पास बुधवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार महिला समेत दो लोग जख्मी हो गए। दोनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में चांदी थाना क्षेत्र के नरबीरपुर गांव निवासी राजेश राम की 70 वर्षीया पत्नी कांति देवी और विजय राम शामिल है। दोनों रिश्तेदार हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह विजय राम अपनी रिश्तेदार कांति देवी के साथ बाइक से कोईलवर की ओर जा रहा था। तभी सकड्डी गांव के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वो गिर पड़े।

### सौतन की हत्या मामले में आजीवन कारावास

**जहानाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने महिला कुंती देवी की हत्या के मामले में सौतन अभियुक्त मुनिता देवी को भारतीय दंड विधि की धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास, तीन हजार रुपया अर्थ दंड की सजा सुनाई। साथ ही, लाश को छुपाने का दोषी पाते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास, तीन हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई, अर्थ दंड की रकम नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि सूचक कृष्णा साव अपनी बेटी कुंती देवी की शादी अरवल ग्राम अनुवां, वंशी थाना क्षेत्र निवासी अरुण कुमार के साथ वर्ष 2008 में किया था। जबकी पारिवारिक राय न लेते हुए अरुण कुमार ने वर्ष 2016 में अभियुक्त मुनीता देवी से दूसरी शादी कर लिया। अभियुक्त मुनीता देवी बराबर मृतिका कुंती देवी को प्रताड़ित करती रहती थी। इसी को लेकर अभियुक्त मुनीता देवी ने साजिश रचकर जलावन चुनने के बहाने अपनी सौतन कुंती देवी को अपने गांव के समीप ही बांसवारी में ले जाकर उसकी हत्या कर दी। तथा उसके शव को किरासन तेल छिड़ककर जलाने का प्रयास कर रही थी। गांव के लोगों के द्वारा इसकी सूचना मृतिका कुंती देवी के पिता कृष्णा साव को दिया गया एवं वंशी थाना को सूचित किया गया।

# प्रत्येक माह की 16 तारीख को एचडब्ल्यूसी पर मनाया जायेगा निक्षय दिवस

**केटी न्यूज/बक्सर**

- सभी सेंटर पर 24 मार्च से 13 अप्रैल तक आयोजित होंगे "टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम"
- कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र जारी कर दिया निर्देश

जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर अब प्रत्येक माह की 16 तारीख को निक्षय दिवस का आयोजन किया जायेगा। साथ ही सभी सेंटर पर 24 मार्च से 13 अप्रैल तक ह्लटीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रमह्व के तहत यक्ष्मा मरीजों की खोज की जाएगी और और उन्हें निशुल्क जांच एवं उपचार उपलब्ध कराया जायेगा।

इस संदर्भ में सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने सिविल सर्जन को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में बताया गया है कि सभी आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रत्येक माह की 16 तारीख को निक्षय दिवस आयोजित किया जाना है। निक्षय दिवस के अवसर पर प्रत्येक माह की 16 तारीख को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निशुल्क सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। साथ ही विश्व यक्ष्मा दिवस 24 मार्च से 13 अप्रैल तक टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला में क्रियाशील आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर जहां सीएचओ कार्यरत हैं, वहां टीबी रोगियों की सघन खोज एवं पहचान कर जांच एवं उपचार की व्यवस्था की जाये।



### वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का है लक्ष्य

वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन के प्रयासों की पहुंच दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की प्रतिनियुक्त की गयी है। टीबी उन्मूलन के लिये संचालित गतिविधियों के संचालन, संबंधित क्षेत्र में रोगियों की खोज, जरूरी जांच व उपचार ही नहीं, क्षेत्र में टीबी रोग के प्रति जागरूकता अभियान के संचालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है। जिसके तहत वह केंद्र पर आ रहे लोगों को बेहतर ढंग से टीबी की जांच और इलाज के साथ-साथ इससे बचने के लिए टीबी के लक्षण और सावधानियों के बारे में अच्छी तरह से जागरूक करें। साथ ही, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के साथ लोगों को टीबी को लेकर मनोवैज्ञानिक, सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं फ्रंट लाइन वर्कर्स के सहयोग से टीबी के लक्षणों वाले मरीजों के बलगम का सैंपल कलेक्ट किया जायेगा। ताकि, मरीजों को जांच कराने के लिए प्रखंड या जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा।

**सीएचओ को दिया जा चुका है प्रशिक्षण :** इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि विभाग से मिले निदेशों के तहत इसी माह से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाने लगा है। इस को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ के द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। ताकि, पंचायत स्तर पर मरीजों को जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## बिहार दिवस पर जहानाबाद के डीएम ने लोगों को बिहार की गाथा से कराया अवगत

# 22 मार्च 1912 में अंग्रेजों ने बंगाल से अलग कर बिहार का किया था गठन: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

डीएम रिची पाण्डेय के नेतृत्व में बुधवार को अब्दुलबारी नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति एवं विभिन्न विभागों के सरकारी योजनाओं का स्ट्रोल का आवलोकन किया गया। कार्यक्रम में एसपी दीपक रंजन, जहानाबाद विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सूदय यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों को पौधा देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में डीएम ने आगत अतिथियों एवं जिलावासियों को 111 बिहार दिवस की शुभकामनाएं दी तथा बिहार के गौरव के बारे में जानकारी दी। कहा कि आज हम सभी गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिपूर्ण बिहार के 111 वें स्थापना दिवस को मनाने के लिए जहानाबाद जिले के अब्दुलबारी नगर भवन में एकत्रित हुए हैं। आप सभी इस तथ्य से अवगत होंगे कि 22 मार्च सन 1912 में अंग्रेजों ने बंगाल से अलग करके बिहार नाम के नए प्रांत का गठन किया था। इसी दिन को याद करते हुए बिहार दिवस मनाया जाता है। बिहार राज्य के स्वर्णिम इतिहास, गौरव, एकजुटता और प्रगतिशील भविष्य का प्रकटीकरण करने के लिए ही 2010 में बिहार दिवस मनाना शुरू किया गया। इस वर्ष बिहार दिवस युवा शक्ति बिहार की प्रगति थीम को समर्पित है। बिहार का एक समृद्ध और विविध इतिहास है जो प्राचीन काल से चला आ रहा है। मगध साम्राज्य के समय से लेकर देश की आजादी और इसके बाद भी देश के विकास में बिहार का योगदान अतुलनीय रहा है। बिहार की धरती पर मौर्य, गुप्त और मुगल सहित कई राजवंशों का शासन था और यह नालंदा एवं विक्रमशिला के प्राचीन विश्वविद्यालयों का घर था।



- स्वतंत्रता सेनानियों को शॉल व प्रतिक चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

बिहार दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को शौल एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उसके उपरांत स्थानीय कलाकारों द्वारा कलाकारों एवं विद्यालय के छात्रों ने संस्कृति कार्यक्रम का प्रस्तुति दिया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ गनेश वंदना की प्रस्तुति महाकवि श्रुतिन्द्र स्मारक शैक्षणिक संस्थान द्वारा किया गया, जबकि बिहार राज्य गीत की प्रस्तुति जिला कला एवं सांस्कृतिक मंच, जहानाबाद द्वारा, कत्थक नृत्य की प्रस्तुति हाई स्कूल प्रभात नगर, जहानाबाद द्वारा, छठ गीत की प्रस्तुति वागिशा हंस संगीत महाविद्यालय, जहानाबाद द्वारा, झीझीया नृत्य की प्रस्तुति मानस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा, शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति लोक शिक्षण संस्थान, जहानाबाद द्वारा, बेटा-बेटी एक समान पर नुक्कड़ नाटक एवं अपना बिहार नृत्य की प्रस्तुति मानस विद्यालय, जहानाबाद द्वारा, अरूण पासवान द्वारा ज्ञान आउ विज्ञान कह शांति गीत की प्रस्तुति, मुरलीधर इंटर विद्यालय, जहानाबाद द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ गीत की प्रस्तुति, चैती की प्रस्तुति वागीशा हंस संगीत महाविद्यालय, जहानाबाद द्वारा, छठ गीत की प्रस्तुति साक्षी विद्या मंदिर द्वारा, बाल विवाह पर आधारित नाटक की प्रस्तुति कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, जहानाबाद द्वारा, दहेज प्रथा पर आधारित समूह नृत्य तथागत पब्लिक स्कूल, जहानाबाद द्वारा, छठ महापर्व लोक आस्था नृत्य गीत की प्रस्तुति महाकवि श्रुतिन्द्र शैक्षणिक संस्थान द्वारा, कजरी नृत्य की प्रस्तुति मानस विद्यालय, बभना द्वारा, सोलो डांस की प्रस्तुति बाल विद्या निकेतन द्वारा, लोक गाथा की प्रस्तुति रवि रंजन कुमार द्वारा, जग में माई बिना गीत की प्रस्तुति तथागत पब्लिक स्कूल द्वारा, झुमर नृत्य की प्रस्तुति एनबी किड्स स्कूल, जहानाबाद द्वारा, लोक गीत की प्रस्तुति डॉ. सुनैना कुमारी एवं श्री अवनीश कुमार द्वारा, बिहार गौरव गान तथा राष्ट्र गान की प्रस्तुति की गई।

## पटना से दवा लेकर लौट रही महिला की ट्रेन से गिरने से मौत

**केटी न्यूज/आरा**

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कोईलवर स्टेशन के अप और डाउन लाइन के बीच बुधवार की दोपहर ट्रेन से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हारामपुर निवासी शंभू कुमार की 30 वर्षीया पत्नी सरिता कुमारी उर्फ रिंकू देवी थी।शंभू कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी का ऑपरेशन कर प्रसव हुआ था। उसके बाद से उसके पेट में हमेशा दर्द रहती थी। उसे लेकर बुधवार की सुबह वह दवा लेने घर से पटना जिला के सदिसोपुर गयी थी। दवा लेने के बाद वह वापस पैसेंजर ट्रेन से लौट रही थी। उस क्रम में वह कोईलवर स्टेशन पर ट्रेन से उतर रही थी। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन से गिर पड़ी। उससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। उसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा घटना की सूचना दी गयी। उस पर वे लोग सदर अस्पताल पहुंचे और शव को देख की पहचान की। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि उसकी शादी 25 जून वर्ष 2014 को हुई थी। उसके परिवार में दो पुत्री स्वाति, मिष्ठी और नौ माह का पुत्र है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाल सुधार पर्यवेक्षण गृह से भागे 9 बच्चे

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के नगर थाना क्षेत्र के साईं मंदिर के पास बने बाल सुधार गृह से बीती देर रात 9 बाल कैदी फरार हो गए। सभी ने मिलकर पहले खिड़की तोड़ी और कमरों से बाहर आएं। उसके बाद सबकी नजरों से बचते हुए दीवार कुद कर फरार हो गए। सभी बाल कैदी अलग-अलग कांडों में गिरफ्तार थे। जिसमें फरार 6 कैदी हाजीपुर, वैशाली जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वहीं, 2 अरवल जिले के थे और एक जहानाबाद जिले का था। इस बात की जानकारी सुबह में बाल सुधार गृह के प्रभारी एवं कर्मचारियों को जब हुई तो वहां हड़कंच गया। घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय बाल पर्यवेक्षण गृह में पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। फरार बाल कैदियों को पकड़ने के लिए जगह जगह छापेमारी अभियान पुलिस के द्वारा चलाया जा रहा है।




**सुधार गृह से कई बार भाग चुके हैं बाल कैदी :** इस मामले में बाल सुधार गृह में तैनात सुरक्षाकर्मी ने बताया कि बीते देर रात इस तरह की घटना घटने की जानकारी हमें भी मिली है। लेकिन उस समय ड्यूटी पर हम तैनात नहीं थे, लेकिन बच्चे फरार तो हुए हैं। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है पूर्व में भी यह बाल सुधार गृह से कैदियों के भागने का कई बार मामला आया है। कल रात ही घटना घटी है। 9 बच्चे फरार हुए हैं, लेकिन इस बारे में हमें कोई ज्यादा जानकारी नहीं है। पहले भी घटना होने के बावजूद बाल सुधार गृह में सुरक्षा के कोई विशेष एहतियात नहीं बरते जाते हैं और जब घटना घट जाती है तब उसके बाद आनन-फानन में फरार कैदियों की धर पकड़ के लिए पुलिस के द्वारा टीम बनाए जाने की बात कही जाती है।

## एक नजर

### आशा कर्मियों ने पीएचसी के समक्ष किया प्रदर्शन





**जहानाबाद।** बिहार आशा यूनियन की तरफ से आशा कार्यकताओं की समस्या को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र काको के प्रभारी के समक्ष प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन काको प्रखंड मुख्यालय से निकलकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र काको तक गया जिसमें आशा बहने अपने मांगो से संबंधित नारे लगा रहे थे जिसमें मुख्य रुप से आशा कार्यकताओं के लिए व्यवस्थित आशा रूम की व्यवस्था करें। कोरोना काल में किए गए काम के बकाया राशि का भुगतान करें, कुष्ठ रोगी सर्वेक्षण का बकाया राशि का भुगतान करें, समेत आशा कार्यकताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दो एवं प्रतिमाह 26000 रुपए वेतन की गारंटी करो, आशा कार्यकताओं के लिए यात्रा भत्ता ?1000, स्टेशनरी के लिए ?500 प्रति माह एवं मोबाइल रिचार्ज की व्यवस्था करो। मौके पर आशा कार्यकताओं की समस्याओं को समझने के लिए एवं प्रशिक्षण के दरमियान आए हुए जहानाबाद के सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार ने खुद ही आशा कार्यकताओं के प्रतिनिधिमंडल से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। और तुरंत हैं काको पीएचसी के प्रभारी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि आशा बहनों का आशा रूम को सुव्यवस्थित कर अभिलंब दीया जाए एवं आशा कार्यकतार्का पूर्व का तमाम बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए और उनके इंसेंटिव में किसी भी प्रकार की कटौती बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए बिहार आशा यूनियन के राज्य सचिव इंदु कुमारी एवं स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य प्रभारी अनामिका कुमारी ने आशा कार्यकताओं से कहा कि हमें एकजुट होकर इसी तरह से अपनी मांगों को हासिल करने के लिए लगातार आंदोलन करना पड़ेगा।

### अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से ग्रामीण चिकित्सक की मौत, पुत्र घायल

**आरा।** जिले में आरा-छपरा फोरलेन पर बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा के पास बेलगाम ट्रक ने ग्रामीण चिकित्सा और उनके बेटे को रौंद डाला। उसमें चिकित्सक की पर मौत हो गयी, जबकि उनका पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृत डॉक्टर सबलपुर गांव निवासी स्व0 दिनेश्वर पाण्डेय के 48 वर्षीय पुत्र डॉक्टर जय शंकर पांडेय थे। वह पंच भी बताये जा रहे हैं। जख्मी उनका 14 वर्षीय छोटा पुत्र चुन्नू कुमार पांडेय है। हादसे के बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर गये और द्वारा मुआवजे को फोरलेन जाम कर दिया?। सड़क जाम कर रहे लोग डॉक्टर के परिजन को सरकार द्वारा निर्धारित मुवावजे की राशि देने और ट्रक चालक पर कानूनी कारवाई करने की माग कर रहे थे। बताया जा रहा है कि चिकित्सक अपने पुत्र के साथ खेत घूमने गए हुए थे। लौटने के दौरान बबुरा के पास सड़क पार करने में तेज गति से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। उससे उनकी मौत घटना को पर हो गयी और उनका बेटा जख्मी हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और दोनों को अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टर को मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।? इधर, डाक्टर की मौत का खबर से उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी ऋतु पांडेय का बुरा हाल हो गया था। बड़ा बेटा कन्हैया कुमार पांडेय इंटर में पढ़ता है। दूसरे स्थान का पुत्र झुनी छोटा पुत्र चुन्नू कुमार पाण्डेय है।

### लोगों को जागरूक करेगा कला जत्था

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने बिहार दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी आवास से सातों प्रखंडों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे जागरूक करने के लिए कला जत्था की टीम को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। साथ ही बिहार दिवस के अवसर पर मोदनगंज प्रखंड तथा काको प्रखंड के विद्यालय के छात्र-छात्राओ को आईटीआई, परस विगहा तथा औद्योगिक क्षेत्र, अलगना मोड़ के लिए छात्रों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि सभी प्रखंडों के लिए एक-एक वाहन (कुल-सात) केआरपी/कला जत्था के टीम को अपने-अपने प्रखंडों मे विभिन्न सर्वोजनिक स्थानों पर सरकार की कल्याणकारी योजना को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। साथ ही लोगों के बीच बिहार गौरव गाथा एवं बिहार गीत की प्रस्तुति की जाएगी। परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत काको प्रखंड से वर्ग 08 एवं 09 के कुल सौ छात्र मोदनगंज प्रखंड से वर्ग 08 के 50 छात्र एवं वर्ग 09 के 50 छात्र परिभ्रमण पर गये हैं। जिला पदाधिकारी ने छात्रों को 111वें बिहार दिवस की शुभकामनाएँ दिया तथा परिभ्रमण मे दी जा रही जानकारी को अच्छे से समझने और जीवन में अमल करने को प्रेरित किया। उक्त अवसर पर जिला पदाधिकारी के साथ-साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती रौशन आरा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री साकेत कुमार रंजन, संभाग प्रभारी धनन्जय कुमार, मो अली बरासत खां, मो. मुजफ्फर हुसैन, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कला जत्था की टीम और छात्रगण उपस्थित थे।



## 26 मार्च से देर्श जोड़ों अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम की सफलता के लिए पहुंचेंगे घर-घर

# कांग्रेस कार्यकर्ता अभियान के साथ मोदी की गलत नीतियों से करायेंगे अवगत

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में हाथ से हाथे जोड़ो कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक कियो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष तथागत हर्षवर्धन एवं मंच संचालन की जिम्मेवारी जिला उपाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा ने निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हाथ से हाथे जोड़ो कार्यक्रम के जिला प्रभारी विधायक आनंद शंकर मौजूदे रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बक्सर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी एवं राजपुर विधायक विश्वनाथ राम मौजूदे रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी आनंद शंकर ने कहा कि हाथ से हाथे जोड़ो कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी का विचारधारा एवं लोकतंत्र बचाने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहो है। हाथे जोड़ो कार्यक्रम जिला स्तर से लेकर प्रखंड व गांव गांव से लेकर बूथ स्तर तक चलायो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा देश आज संकट में है। हमारा संविधान खतरे में है. साथ ही हमारी सीमाएं सुरक्षित नहीं है, सीमाएं खतरे में है, दैनिक जरूरतों की कीमतें बढ़ रही है, बेकारी रिकॉर्ड ऊंचाई परे हैं। किसान, छोटे और मझोले कारोबारी युवो पिछड़े वर्ग के लोग और मजदूर जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मोदी सरकार ने आम लोगों पर अपने कुछ चुने हुए दोस्तों को तरजीह देने की और अपनी गुमराह करने वाली नीतियों से देश को संकट में डाल दियो है। वह भारतीयों के बीच विभाजन एवं नफरत फैला रहे हैं। मोदी सरकार से सवाल पूछने वालों की आवाज को कुचलने के लिए हर तंत्र और संस्थान का दुरुपयोग करते हैं। ऐसी स्थिति में हमने भारत के लोगों से सीधे बात करने के लिए हाथ से हाथे जोड़ो यात्रा शुरू की है। वही जिला अध्यक्ष तथागत हर्षवर्धन ने कहा कि हाथ से हाथे जोड़ो का कार्यक्रम 26 मार्च से शुरूआते करेंगे। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता घर-घरे जाएंगे। हम सभी राहुल गांधी द्वारा लिखे गए पत्र को वितरिते करेंगे। भारते जोड़ों का संदेश फैलाएंगे और मोदी सरकार की विफलताओं और नीतियों के बारे में बाते करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक, अनिरुद्ध पांडेय, कामेश्वर पांडेय, प्रमोद ओझा, मनोज पांडेय, विनय सिंह, वीरेंद्र राम, अजय ओझा, भरत यादव, नीलू मिश्रा, करुणानिधि दुबे, कमल पाठक, सुरेश सिंह, अनुराग राज त्रिवेदी, मणि शंकर पांडेय, धनजी पांडेय, बुचो उपाध्याय, लल्लन मिश्रा, विशाल खरवार, प्रभात कुमार, बृजेश पाठके, श्रीमने राय, महिमा उपाध्याय, ईशान त्रिवेदी, श्रीधरे शास्त्री, पप्पू दुबे, दिवेदी दिनेश, सुरेश जायसवाल, जिंदा जवाहरलाल समेत अनेक जन शामिले रहे। वहीं सदर विधायक संजय कुमार तिवारी ने कहा कि हाथ से हाथे जोड़ो कार्यक्रम हम सभी भारत के लोकतंत्र बचाने के लिए घर-घर पहुंच कर अपनी बात को रखेंगे। मलिकार्जुने खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी का हाथ मजबूते करेंगे। वहीं राजपुर विधायक विश्वनाथ राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक पार्टी नहीं एक



## खबरें फटाफट

### शराब बरामद कारोबारी फरार

**डुमरांव।** कोरानसराय बाजार में एक शराब कारोबारी बैग में शराब की बोतले रख उसकी होम डिलीवरी कर रहा था। इसी दौरान किसी ने इसकी खबर स्थानीय पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए छापेमारी किया। लेकिन पुलिस को देखते ही वह बैग फेक फरार हो गया। पुलिस ने जब उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें लेमन ब्लू देशी मसाला ब्रांड के 30 बोतल शराब मिले है। फरार करोबारी की पहचान पुलिस ने मुंगाव के रामाशंकर यादव के रूप में की है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### निराला स्टडी के छात्रों का रहा दबदबा

**केसठ।** केसठ नया बाजार स्थित निराला स्टडी के बारहवी के छात्रों का प्रखंड में दबदबा रहा। अधिकतर छात्र 80 प्रतिशत अंक लाकर सफल हुए। प्रखंड में विज्ञान संकाय में क्रांति लाने वाला एकमात्र संस्था निराला स्टडी है। वही निराला स्टडी के डायरेक्टर नंदु कुमार ने सफल छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किए। इस दौरान छात्रों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं, इस मौके पर छात्र छात्राओं ने और निराला स्टडी के शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दिए। वहीं उन्होंने कहा कि अगर मन में कुछ करने की चाहत हो तो कोई भी छात्र किसी भी मुकाम को हासिल कर सकता है। निराला स्टडी की सबसे अधिक अंक रीता कुमारी 81.4 प्रतिशत लाया। रीता एयरफोर्स में नौकरी कर के देश की सेवा करना चाहती है। रीता कुमारी ने अपनी सफलता श्रेय अपने माता पिता के साथ साथ निराला स्टडी को दी है। सफल परीक्षार्थियों में खुशी, ज्योति, दीपशिखा, शोभा, अर्चना, अमृता, गीता, ज्योति यादव, गोल्डन आलम, उमेश समरू, रोहित, ऋतु कुमार, अरबाज खां, पूजा, अंजली, ऋषि कुमार प्रिय, सोनू, विशाल, सोनू तिवारी, रिया, खुशबू समेत अन्य छात्र शामिल है।

# अच्छी खबर: जिले के 11 विद्यालयों का होगा कायाकल्प, लगाए जाएंगे 1100 पौधे

**केटी न्यूज/बक्सर**

- केन्द्रीय कर आयुक्त डॉ. यशोवर्द्धन पाठक ने दी जानकारी
- विद्यालयों में पीएम स्वच्छता फंड से 51 शौचालयों के नवीनीकरण के साथ किए जाएंगे कई काम




बक्सर जिले के 11 सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके तहत चयनित विद्यालयों में कुल 51 शौचालयों के नवीनीकरण के साथ ही उनके पेयजल आपूर्ति के लिए मोटर लगाने व पाइप बिछाने का काम किया जाएगा। इसके अलावे चाहरदीवारी निर्माण, रंग रोगन आदि भी करवाया जाएगा। कई विद्यालयों में इसकी शुरूआत हो भी चुकी है। केन्द्रीय कर आयुक्त (अंकेक्षण) डॉ. यशोवर्द्धन पाठक ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह कार्य केन्द्रीय कर अंकेक्षण आयुक्तालय पटना द्वारा प्रधानमंत्री स्वच्छता फंड से करवाया जा रहा है।

इस दौरान चिह्नित किए गए प्रत्येक विद्यालयों में 100-100 वृक्ष भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान तथा जलजीवन हरियाली के तहत ऐसा किया जा रहा है। केन्द्रीय कर आयुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी विद्यालयों में आज भी कई सुविधाओं की कमी है। जिसका असर छात्रों के सर्वांगीण विकास पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल के छात्रों के विकास के लिए जरूरी है कि उन्हें भी निजी विद्यालयों की तरह हर आधुनिक सुविधाएं मिले। जिससे उनका आत्म विश्वास बढ़ेगा। बता दें कि पिछले महीने केन्द्रीय कर आयुक्त ने जिले के सिमरी अंचल स्थित कन्या मध्य विद्यालय नियाजीपुर में चार शौचालयों का नवीनीकरण के साथ ही मोटर लगाने, पाइप से जलापूर्ति देने, चाहरदीवारी का निर्माण तथा विद्यालय का रंगरोगन करा उसका कायाकल्प किया किया था। इसी से उत्साहित हो अंकेक्षण आयुक्तालय द्वारा पीएम स्वच्छता फंड से बक्सर के अन्य 11 विद्यालयों के कायाकल्प का निर्णय लिया गया है। वही इसकी जिम्मेवारी भी कर आयुक्त को सौंपी गई है।

**इन विद्यालयों का हो रहा है कायाकल्प :** केन्द्रीय कर आयुक्तालय द्वारा जिले के जिन 11 विद्यालयों का चयन किया गया है, उसमें 6 कन्या मध्य विद्यालय, 3 उच्च विद्यालय व दो मध्य विद्यालय शामिल है। कर आयुक्तालय द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार पीएम स्वच्छता फंड से सिमरी अंचल के कन्या मध्य विद्यालय दुल्हपुर, कन्या मध्य विद्यालय बलिहार, कन्या मध्य विद्यालय नगपुरा, कन्या मध्य विद्यालय डुमरी व कन्या मध्य विद्यालय ढकाईच का जबकि सदर प्रखंड से कन्या मध्य विद्यालय उमरपुर का चयन किया गया है। इसके अलावे सिमरी अंचल के मध्य विद्यालय नियाजीपुर व नावानगर अंचल के मध्य विद्यालय चकौड़ा के साथ ही उच्च विद्यालय सिमरी, उच्च विद्यालय अर्जुनपुर तथा उच्च विद्यालय बक्सर का चयन भी इस योजना के तहत किया गया है। केन्द्रीय कर आयुक्त ने बताया कि इन विद्यालयों में फिलहाल 51 शौचालयों का नवीनीकरण, पाइप लाइन से पानी की व्यवस्था करने, मोटर लगाने, रंग रोगन आदि का काम शुरू भी कर दिया गया है।

**छात्रों को दी जाएगी स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की जानकारी :** उन्होंने कहां कि ग्रामीण शिक्षा के स्तर को सुधारने के साथ ही इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य छात्रों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाना भी है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के बाद उसकी देखभाल की जिम्मेवारी भी छात्रों को दी जाएगी। श्री पाठक ने कहा कि उनका फोकस लड़कियों की शिक्षा स्तर को सुधारना है। यही कारण है कि अधिक से अधिक कन्या विद्यालयों का चयन कायाकल्प के लिए किया गया है।

### बक्सर में शान से मनाया गया बिहार दिवस, पूरे जिले में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

# नौकरियों के ऑफर लेटर, ऋण वितरण के साथ सम्मानित किए गए कई लोग





**केटी न्यूज/बक्सर**

बुधवार को बिहार दिवस धूम धाम से मनाया गया। बिहार राज्य के गठन का यह 111 वां साल था। इस मौके पर जिलेभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूल, कॉलेजों तथा अन्य संगठनों द्वारा अपने-अपने तरीके से बिहार दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह में बक्सर में डीएम अमन समीर के नेतृत्व में आयोजित हुआ था। जहां डीएम ने डीडीसी डा महेन्द्र पाल, जिला परिषद की चेयरमैन विद्याभारती, बक्सर नगर परिषद की मुख्य पार्षद कमरून निशा आदि के साथ संयुक्त रूप से केक काट तथा गुब्बारे उड़ा लोगों को बिहार दिवस की बधाई दी। इसके बाद प्रधानमंत्री रोजगार गारंटी योजना के चयनित लाभुकों को ऋण का चेक, रोजगार मेले में चयनित युवाओं का ज्वाइनिंग लेटर, इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले व राज्य में परचम लहराने वाले छात्रों, विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को डीएम ने मोमेंटो देकर उनका हौसला बढ़ाया। इसके अलावे मताधिकार नागरिक को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र, अक्षरआंचल योजना के तहत महादलित परिवारों की 12 महिलाओं के बीच गोल्डन कार्ड दिया गया।

**बिहार दिवस पर याद किए गए महापुरूष :** बिहार दिवस के मौके पर सुबह में वरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न महापुरूषों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने बिहार के गठन तथा देश की आजादी में उनके योगदानों को अतुलनीय बताया। अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी प्रीतेश्वर प्रसाद ने स्टेशन रोड स्थित गांधी प्रतिमा पर, डीडीसी डॉ महेंद्र पाल के द्वारा वीर कुंवर सिंह प्रतिमा, स्थापना उप समाहर्ता विकास जायसवाल के द्वारा शहीद स्मारक व डीआरडीए निदेशक के द्वारा शहीद भगत सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात किला मैदान बक्सर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा रामरेखा घाट से पीपी रोड होते हुए सिन्डीकेट से वापस बाइपास होते हुए ज्योति चौक से वापस किला मैदान लाई गई।

**कृषि क्षेत्र में बेहतर काम करने वालों को मिला ऋण :** बिहार दिवस के उपलक्ष्य में डीएम ने 24 लाख रुपए का एक डमी चेक जीविका समूह (60) को कृषि विभाग के क्षेत्रीय विशेष योगदान करने के लिए प्रदान किया।

### लोगों को स्वरोजगार के लिए मिला ऋण

जिला उद्योग विभाग द्वारा ऋण वितरण योजना के तहत चयनित विभिन्न लाभुकों को डीएम ने स्वीकृति पत्र प्रदान किय। वहीं जिन लाभुकों को स्वरोजगार के लिए ऋण दिया गया उनमें अनिता कुमारी 15 लाख, अरुण कुमार साह 8.29 लाख, विमलेश मिश्र 22.50 लाख, अरुण कुमार सिंह 9.49 लाख, आकाश कुमार 02 लाख, नितेश कुमार सिन्हा 8.49 लाख, कमलेश कुमार सिंह 05 लाख, अरविंद कुमार चौबे 05 लाख, सरिता प्रजापति 7.88 लाख, अमरजीत कुमार 7.20 लाख, शिव शंकर चौधरी 05 लाख, सोनू कुमार सिंह 2.84 लाख, देवांशु शेखर 7.60 लाख, कृष्ण कुमार तिवारी 10 लाख, कंचन कुमारी 16 लाख एवं श्रीमती बेबी देवी 18.50 लाख है। जिला पदाधिकारी के द्वारा दिव्यांगजन को मोटरट्राई साइकिल, श्रवण यंत्र, वैशाखी वितरित किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### मुख्यालय डीएसपी के घर चोरी, तीन गिरफ्तार

**बक्सर।** मुख्यालय डीएसपी अशफाक अंसारी के घर तीन चोरो ने आधी रात को चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घर के अंदर लगाए हुए इंवर्टर की चोरी कर ली थी। रात में लाइट काटने पर जब गार्ड इंवट के पास गया तो देखा की इंवर्टर गायब मिला। जिसकी जानकारी डीएसपी को दी। डीएसपी ने चोरी की वारदात की सूचना नगर थाना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कम मच गई। आनन फानन में पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई। पुलिस ने कुछ ही घंटे के अंदर तीन चोर को पकड़ कर इंवर्टर की बरामदगी कर ली। तीनों गिरफ्तार चोर की पहचान सिविल लाईन के प्रशांत कुमार उर्फ गोलू, दीपक कुमार भट्ट और पीपी रोड निवासी अविनाश कुमार तिवारी के रूप में कि गई।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ रूद्र महायज्ञ

**नावानगर।** सिकरौल लख पर स्थित मां दुर्गा प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित रूद्र महायज्ञ हेतु बुधवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई।



कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ सिकरौल लख स्थित ठोरा मंदिर प्रांगण से ठोरा नदी पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल लिए। इस शोभायात्रा में सिकरौल लख समेत आसपास के गांवों के श्रद्धालु भक्त पहुंचे हुए थे। श्री श्री 1008 श्री करतार दास जी महाराज खड़ेसरी बाबा के सानिध्य में होने वाली इस यज्ञ के लिए निकली शोभायात्रा ठोरा मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप से सिकरौल लाख, तेतरहर, सिकरौल गांव सहित बाजार की भ्रमण कर ठोरा नदी के तट पर पहुंची। जहां से ठोरा नदी का पवित्र जल कलश में लेकर वापस यज्ञ मंडप के लिए रवाना हुए सनातनी झंडा व बैनर के साथ निकली शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने। मां दुर्गे की जयकारा लगा रहे थे। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। नदी के पवित्र जल के साथ श्रद्धालु भक्त यज्ञ मंडप में तक पहुंचे। यज्ञाचार्य विनय शंकर शास्त्री ने बताया कि गुरुवार को विधिवत मंत्रोचार के साथ मंडप प्रवेश होगा। इसके बाद विद्वान पंडितों द्वारा पंचांग पूजन तथा अरणी मंथन के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। यज्ञ की पूणार्हुति आगामी 30 मार्च को भव्य भंडारे के साथ संपन्न होगी।

### कोपवां काली मंदिर में शुरू हुआ सप्शती पाठ

**डुमरांव।** अनुमंडल के कोपवां गांव में नवनिर्मित मां काली मंदिर को शक्ति पीठ बनाने के लिए पिछले कई दिनों से विशेष पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा प्रत्येक अमावस्या को विशेष पूजा का आयोजन किया जा रहा है। वही बुधवार से शुरू हुए वासंतिक नवरात्र में इस मंदिर में दुर्गा शप्ससती का पाठ शुरू किया गया है। कलश स्थापित कर पाठ शुरू होते ही मंदिर में दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई। बता दें कि स्थापना के बाद से ही इस मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ते जा रहा है। न सिर्फ स्थानीय गांव बल्कि अनुमंडल के सुदुर इलाकों के लोग भी इस मंदिर में पूजा अर्चना करने तथा मन्नतें मांगने आ रहे है। श्रद्धालुओं ने बताया कि उनकी मन्नतें पूरी हो चुकी है। इसकी जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओं की संख्या हर दिन बढ़ रही है। नवरात्र का पाठ शुरू होते ही पहले दिन सुबह व शाम दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। मौके पर अमिताभ कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अवधेश कुमार सिंह, गीता सिंह, अरुण सिंह पहलवान, मिथिलेश सिंह, नीतू सिंह, डॉ नेहा सिंह,रामेश्वर सिंह, प्रमोद सिंह, सनमून सिंह, शुभम सिंह, दिव्यांश कुमार, भूषण सिंह, करिया सिंह, मुटुर सिंह, प्रिंस सिंह, अखिलेश सिंह, अवधेश सिंह, अरुण जी, नंद जी सिंह, विनोद गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।



### जल दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**डुमरांव।** विश्व जल दिवस के अवसर पर यूथ सहर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित डॉल्फिन पब्लिक स्कूल नया भोजपुर और रेड रोज कॉन्वेंट स्कूल चौगाईं में एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों स्कूल के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों के द्वारा पेंटिंग के माध्यम से जल संरक्षण पर जोर दिया गया और साथ ही साथ मानव जीवन में जल की उपयोगिता और उसके महत्व के बारे में भी बताया गया। डॉल्फिन पब्लिक स्कूल के निदेशक तारिक अख्तर ने बच्चों को पानी के महत्त्व बताते हुए कहा कि सोचिये जिस तरह हम पानी का अनादर कर रहे हैं वैसे तो बहुत जल्दी ही धरती से पीने के लिए पानी बचेगा ही नहीं। इसलिए अब आने वाली पीढ़ी की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने घरों और अपने आसपास के लोगों को पानी को लेकर जागरूक करें। तारिक अख्तर ने यह भी कहा कि अब अपने जिले बक्सर जैसी जगह में पीने के लिए पानी तो दूर की बात है यहाँ तो नहाने के लिए साफ पानी भी सही से उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी बचाने में बच्चें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। नसीम अहमद ने कहा कि बिना जल के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। स्कूल के बच्चों को पोस्टर प्रतियोगिता के साथ जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई। मौके पर कुंदन सिंह, जीशान खान, सालेहा खानम, अदनान खान, तबरेज अहसान, संतोष सिंह के साथ सभी शिक्षक उपस्थित रहे।




### विवाद सुलझाने गए सरपंच पति पर आरोपियों ने किया जानलेवा हमला, जान बचाकर भागे

**डुमरांव।** दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद को सुलझाने गए एक सरपंच पति पर आरोपियों हथौड़े व रामा से जानलेवा हमला कर दिया। सरपंच पति किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागे। घटना बुधवार सुबह डुमरांव प्रखंड के चिलहरी पंचायत की है। पीड़ित सरपंच पति ने स्थानीय नया भोजपुर ओपी पुलिस को इसकी जानकारी दी है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह चिलहरी पंचायत के सरपंच प्रिती देवी के घर दलित बस्ती का रामाश्रय राम पहुंचा। उसके हाथ से खून बह रहा था। रामाश्रय ने बताया कि उसका पड़ोसी राजकुमार राम उसपर जानलेवा हमला कर रहा है। इसे सुन सरपंच ने अपने पति मोहन राय को विवाद सुलझान के लिए भेजा। मोहन जैसे ही रामाश्रय के साथ दलित बस्ती स्थित राजकुमार राम के दरवाजे पर पहुंचे कि वह अपने परिजनों के साथ मिल मोहन पर हथौड़े व रामा से हमला कर दिया। इस हमले में सरपंच पति जख्मी हो गए तथा किसी तरह भागकर अपने घर आए। इसके बाद उन्होंने नया भोजपुर ओपी को इस घटना की जानकारी दी। लेकिन पुलिस घंटों बाद पहुंची और खानापूर्ति कर वापस लौट आई। सरपंच पति ने बताया कि पुलिस ने सक्रियता नहीं दिखाई। बता दें कि इसके पहले वर्ष 2006 में सिमरी थाना क्षेत्र के खरहाटांड़ पंचायत के तत्कालीन सरपंच स्व संतोष ओझा की हत्या पंचायती के दौरान ही कर दी गई थी।

# भतीजे का हत्यारा चाचा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव अनुमंडल के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र स्थित जयपुर गांव में आंगन से चौकी हटाने को लेकर उपजे विवाद में एक रिटायर्ड फौजी ने अपने भतीजे के सीने में दो गोली दाग दी थी। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन दिन के अंदर ही मुख्य आरोपी व रिटायर्ड फौजी तारक पांडेय पिता स्वर्गीय जगदीश पांडेय को पटना के पीएमसीएच से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके भाई राम अयोध्या पांडेय को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ किया था। आरोपियों के जयपुर और ब्रह्मपुर के घरों में छापेमारी पर पुलिस की टीम ने एक राइफल, एक बंदूक और एक पिस्टल के अलावे 80 कारतूस के अलावे करीब चार लाख नगद राशि भी बरामद किया है।

मृतक सत्यनारायण पांडेय का 26 वर्षीय पुत्र पप्पू पांडेय बताया जाता है। एएसपी राज ने डुमरांव थाने में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व से ही संपत्ति बंटवारे का विवाद चल रहा था। इसको लेकर भूमि उप समाहर्ता के यहां भी मामला चल रहा है। विगत 19 मार्च को आंगन में रखे गई चौकी को हटाने के विवाद में रिटायर्ड फौजी तारक पांडेय ने भतीजा पप्पू पांडेय के सीने में ताबड़तोड़ गोलियां दाग दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस की टीम ने जब घर पर छापेमारी कर तलाशी ली तो हथियार और कारतूस का जखीरा बरामद किया गया। इस मामले में मृतक के पक्ष से छह लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया गया है, जिसमें एक महिला सहित तीन युवक भी शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर लगातार कार्रवाई करने में जुटी है। रिटायर्ड फौजी और पप्पू हत्याकांड का मुख्य आरोपी तारक पांडेय के हाथों में गहरे जख्म के निशान पाये गये है। फौजी ने पुलिस को बताया है कि विरोधी पक्ष ने भी मेरे ऊपर गोली चलायी थी, जो मेरे बांह में लगी है, जिसके इलाज के लिए पीएमसीएच पटना गया था। पुलिस की माने तो गोली लगने की बात संदिग्ध मानी जा रही है। एएसपी ने बताया कि आरोपी के बयान और गोली लगने की बात को लेकर पुलिस गहराई के साथ जांच करेगी। हत्याकांड में उपयोग किये गये लाइसेंसी हथियारों का लाइसेंस रद्द करने की पहल करेगी। रिटायर्ड फौजी के घर से बरामद हथियार लाइसेंसी बताये जाते है। पुलिस की टीम अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी शुरू कर दी है।

### ऐपवा का जिला सम्मेलन संपन्न, महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दे पर निशाने पर रही केन्द्र सरकार, वक्ताओं ने कहा -

# बढ़ती महंगाई के कारण अब घर चलाना हो रहा है मुश्किल

**केटी न्यूज/डुमरांव**




ऐपवा का जिला सम्मेलन बुधवार को नगर के एक निजी लॉज में संपन्न हुआ। जिसका उदघाटन ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड मीना तिवारी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभा में उपस्थित सभी नेताओं ने सावित्री फूले और फातिमा शेख के चित्रों पर पुष्पांजलि किया।

राष्ट्रीय महासचिव मीना ने केन्द्र सरकार पर वार करते हुए महंगाई व बेरोजगारी घटाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि महंगाई के चलते घर चलाना मुश्किल हो गया है। काम की खोज में आजकल महिलाएं गांव-शहर से बाहर निकल रही है। लेकिन हजार दो हजार की नौकरी मिलनी भी मुश्किल हो गई है। देश में आजादी की लड़ाई में सभी को समान अवसर और बराबरी का हक दिलाने की सोच रखी गई थी। लेकिन आजादी के बाद आज के समय में भी अभी ऐसा माहौल नहीं बन पाया है। देश में मोदी सरकार के आने के बाद देश की स्थिति और भी बद्तर हो चली है। पहले जो शोषण जमींदार द्वारा किया जाता है, वह काम आज सरकार खुद ही करने लगी है। मोदी सरकार के आने के बाद गरीबों का शोषण करके बड़े बड़े पूंजीपतियों का खजाना भरा जा रहा है। मोदी सरकार सरकारी स्कूलों की पढ़ाई को खत्म कर रही है और कॉलेजों की पढ़ाई को दिन पर दिन महंगी करती चली जा रही है। ऐपवा ने सवाल उठाया कि सरकार द्वारा लड़कियों की पढ़ाई को मुफ्त क्यों नहीं किया जा रहा।

वहीं, बिहार राज्य सह सचिव इन्दु देवी ने कहा कि महिलाओं को रोजगार के दिशा में जाने की जरूरत है। सरकारें महिलाओं को लोन में उलझा करके रखी हुई है, जबकि महिलाओं के लिए कुटीर उद्योग के व्यवस्था करने की जरूरत है। महिलाओं पर हुए अत्याचार तथा फासीवादी ताकतों के विरुद्ध सड़क पर उतरने की जरूरत है। महिलाओं के हक अधिकार के विरुद्ध आवाज उठाते हुए सड़क पर उतरने की जरूरत है। कॉमरेड पूनम कुमारी ने कहा कि अब महिलाओं को आगे बढ़ना होगा, अब महिलाओं को मान सम्मान और इज्जत की सबसे ज्यादा जरूरत है। जिला सम्मेलन में महिला आजादी, बराबरी की दावेदारी, गरीब दलित मुस्लिम महिलाओं पर अत्याचार के विरुद्ध, दहेज प्रथा, महंगाई और महिला श्रम के शोषण के विरुद्ध रणनीति पर चर्चा हुई। इस दौरान 45 सदस्यीय कमिटी चुनी गई जिसमें अध्यक्ष रेखा देवी, सचिव संध्या पाल, उपाध्यक्ष गीता देवी, सुशीला देवी, बुधिया देवी, सह सचिव शैल देवी, पूजा, रूबी शर्मा चुनी गई। कार्यक्रम का समापन मार्च निकालते हुए किया गया। मार्च नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए गुजरा। मार्च में शामिल कामरेड गगनभेदी नारे लगा रही थी।

CMYK

# चैत्र नवरात्र... मां कामख्या धाम मंदिर में माता के दर्शन-पूजन को लगी रही भक्तों की भीड़


माता रानी का दर्शन-पूजन के लिए मां कामख्या धाम मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

**केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया**

- नवरात्र के पहले दिन 55000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन
- भक्तों के जयकारे से गूंजता रहा मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर तैनात दिखे जवान

पूर्वांचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में विख्यात मां कामख्या धाम मंदिर में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन भक्तों की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए लगी रही। पहले ही दिन करीब 55 हजार से अधिक श्रद्धालु भक्तों ने मां के दरबार में दर्शन- पूजन किया। अलसुबह भक्तों के आने का जो क्रम शुरू हुआ, वह देर शाम तक चलता रहा। भक्त कतारबद्ध होकर मां के गगन भेदी जयकारे लगाते हुए दर्शन करते जा रहे थे। भक्तों के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर स्थित नारियल, प्रसाद चुनरी की दुकानों पर भक्तों ने जमकर खरीदारी की। जबकि चाट-पकौड़ी की दुकानों पर महिलाओं की काफी भीड़ दिखी। सुरक्षा को देखते हुए एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद, नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया, बीडीओ भदौरा राजेश श्रीवास्तव, कोतवाल गहमर पवन कुमार उपाध्याय सहित कई आला अधिकारी पूरे मंदिर परिसर का चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जायजा लिए।

उधर मेले में आए श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर सीएचसी भदौरा के प्रभारी डॉ. धनंजय आनंद के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम को नियुक्त किया गया, जहां मेले में आए किसी भी श्रद्धालु के स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को लेकर यह टीम उपचार करेगी। मंदिर के महंत आकाश राज तिवारी ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन 55 हजार के आस-पास लोगों ने मां के दर्शन पूजन किए।

## मां मंगला भवानी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बलिया।** जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी. की दूर बक्सर और गाजीपुर की सीमा पर गंगा नदी के उत्तरी तट पर स्थित मां मंगला भवानी का प्राचीन मंदिर सदियों से श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा का केंद्र है। नवरात्र में मां दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। सोहांव विकास खंड के नसीरपुर मठ ग्रामसभा के अंतर्गत गंगा किनारे मां मंगला भवानी का सदियों पुराना मंदिर है। जिले के जिलाधिकारी रहे हरिसेवक राम द्वारा लिखित पुस्तक बलिया एक दृष्टि में पर विश्वास करें तो इस मंदिर का उल्लेख छठी शताब्दी ईसा पूर्व में भारत आए चीनी यात्री ह्वेनसांग ने पटना जाते समय अपनी यात्रा डायरी में किया था।



1876 में बलिया की जगह गाजीपुर जिला था। उस समय यह स्थान कोरंटाडीह तहसील में निर्माण कार्य के दौरान एक अंग्रेज अधिकारी ने मां मंगला भवानी के रूप में पूजे जा रहे देवी प्रतिमा को उखड़वाकर गंगा नदी में फेंकवा दिया। कहते हैं उसके बाद उसके बड़े बेटे का निधन हो गया और उसके अस्तबल के घोड़े मरने लगे। एक रात उसे सपना दिखा कि देवी प्रतिमा को तत्काल निकलवाकर नियत स्थान पर स्थापित करवाएं नहीं तो उसका सर्वनाश हो जाएगा। इसपर अधिकारी ने तत्काल उजियार गांव के दरागाही यादव से प्रतिमा को निकलवा कर उसके स्थान पर स्थापित करवाया। इसके बाद से अंग्रेज अधिकारी इस हालात से उबर पाया।

**मन्नत पूरी होने पर कारोबारी ने बनवाया भव्य मंदिर:** मां मंगल भवानी का पूजन-अर्चन पहले एक छोटे से बने कमरे में होती आ रही थी। करीब दो दशक पूर्व बक्सर का संतोष नामक एक कारोबारी मां का दर्शन करने आया और संतान प्राप्ति की मन्नत मानी। उसकी मन्नत पूरी होने पर कारोबारी ने मां के छोटे से कमरे को तोड़वाया और वहां मंदिर बनवाया जो आज मंदिर भव्य रूप ले चुका है।

## खबरें फटाफट

### विवाहिता से छेड़खानी कर बनाया अश्लील वीडियो, एफआईआर

**मनियर बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता के साथ 5-6 युवकों द्वारा छेड़खानी किए जाने एवं उसका वीडियो बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता का वीडियो बनाकर पीड़िता को धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। लोक लाज के भय से विवाहिता इसकी सूचना किसी को नहीं दी। फोन द्वारा विवाहिता दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहे अपने पति को सूचना दी। जब गांव पति आया तो मनियर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। विवाहिता का आरोप है कि वह खेत में शौच करने के लिए गई थी तो गांव के ही 3 नामजद सहित चार पांच अज्ञात लोग उसे पकड़ लिए और अश्लील हरकत करने लगे। यही नहीं मोबाइल पर वीडियो भी बनाने लगे तथा गंदी हरकत करने पर आमादा हो गए। जब विवाहिता द्वारा शोर मचाया गया तो सभी लोग भाग गए। इस संदर्भ में एसएचओ मनियर प्रवीण सिंह ने कहा कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### प्रधान को जान से मारने की धमकी

**मनियर बलिया।** प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी। मामला मनियर थाना क्षेत्र के रिगवन गांव का है। प्रधान ने मनियर थाने में तहरीर दिया जिसमें पुलिस ने आरोपी योगेंद्र यादव पुत्र परशुराम यादव ग्राम ककरघट्टा खास थाना मनियर के विरुद्ध धारा 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मनियर ब्लॉक के रिगवन के प्रधान सत्येंद्र कुमार पाठक पुत्र राजेंद्र पाठक ने पुलिस को दिए गए तहरीर में दशार्या है कि मैं मनियर से अपने घर जा रहा था कि योगेंद्र यादव अपने मोबाइल नंबर 94 5180 3282 से भद्दी भद्दी गालियां जान से मारने की धमकी देने लगा पूछने पर बताया कि मेरे भाई नथुनी यादव से फाइल क्यों ले लिया तो मेरे द्वारा बताया गया कि मेरे ग्राम पंचायत में बिना मेरे जाने आबादी का आवंटन हो गया। उसी का फाइल मैंने लिया है। तो उसने कहा कि मैं तुम्हारे घर के सामने खड़ा हूं तुम्हें गोली मार कर के ही मुझे शांति मिलेगी।

### अमृत-2 योजना : परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास से शासन ने दी वित्तीय स्वीकृति

# 421 करोड़ की लागत से सुधरेगी बलिया नगर की पेयजल और सीवरेज व्यवस्था

- सीवरेज पर 271 करोड़ और पानी सप्लाई पर 150 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च
- सीवरेज की व्यवस्था सुदृढ़ हो जाने पर बरसात के दिनों में जलजमाव से मिलेगी निजात

**केटी न्यूज/बलिया**

प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास पर शासन ने बलिया नगर के पानी सप्लाई व सीवरेज व्यवस्था को सुधारने के लिए करीब 421 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। सब कुछ ठीक रहा तो इस पर जल्द कार्य शुरू भी हो जाएगा। अमृत-2 योजना के तहत होने वाले इस पूरे कार्य के लिए शासन ने वित्तीय स्वीकृति दे दी है। योजना के तहत नगर में 247 पानी सप्लाई देने के साथ ही पूरे शहर की सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। ऐसे में इसके बनने के बाद पूरे नगर के लोगों को जहां जल निकासी आदि की समस्या से निजात मिलेगा तो 24 घंटे पानी की सप्लाई भी मिलने लगेगी। नगर में सीवरेज की व्यवस्था सुदृढ़ नहीं होने से लोगों को वर्षों से जल निकासी की समस्या झेलनी पड़ती है। बरसात के दिनों में तो और भी आफत की स्थिति हो जाती है। नगर में चारों ओर जलजमाव हो जाने से लगभग हर मोहल्ले में नारकीय स्थिति हो जाती है। ऐसे में इस पूरी समस्या को देख चुनाव के दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने इसे प्राथमिकता के तौर पर दुरुस्त कराने का वादा किया था। इसे लेकर नगर विधायक दयाशंकर सिंह चुनाव जीतने व मंत्री बनने के बाद से ही इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए थे। ऐसे में उनका प्रयास रंग लाया और शासन ने उनके प्रस्ताव को हरी झंडी देने के साथ ही इस पूरे परियोजना के लिए करीब 421 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी भी दे दी है। इसमें 271 करोड़ रुपये से नगर क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही एसटीपी व ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा। इसके अलावा 150 करोड़ रुपये से नगर क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।



### परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह बोले... नगर क्षेत्र को हर हाल में बनाएंगे सुंदर



नगर क्षेत्र को हर हाल में सुंदर बनाने का काम किया जाएगा। नगर में जलजमाव की समस्या काफी जटिल व आम जनता के लिए कष्टकारी है। इसके लिए सरकार बनने के बाद से ही प्रयास में लगा था जिसकी मंजूरी मिल गई है। इस पूरी परियोजना पर जल्द ही कार्य शुरू कराने के प्रयास में लगे हैं जिससे लोगों को राहत मिल सके। कहा कि इसके अलावा भी शहर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए विकास संबंधित कई प्रस्ताव दिए गए हैं जो जल्द पूरे होंगे।



## अगली पीढ़ी के जीवन के लिए जरूरी है जल संरक्षण : डीएम

**बलिया।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने बाकायदा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन और फावड़ा चलाकर इस कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी पीढियों के जीवन सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण पर विचार करना ही होगा। हम सबका दायित्व है कि हम सब ऐसी धरोहर छोड़ कर जाएं, जिसमें आगामी पीढ़ी को कोई समस्या न हो। यह जल संरक्षण व प्रकृतिक स्त्रोतों को संरक्षित करके ही सम्भव है। इस कड़ी में वर्षा का जल संरक्षण सबसे आवश्यक है। हम सबको इसके लिए कृत संकल्पित होना होगा। उन्होंने आइटीआइ के छात्र-छात्राओं को भी जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर आइटीआइ प्रधानाचार्य संजय भारती, आइटीआइ सीयर प्रधानाचार्य रवींद्र पटेल, रामनाथ, लल्लन यादव मल्लू सहित समस्त आइटीआइ स्टाफ मौजूद थे।

## आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए गैंगस्टर एक्ट की प्रकिया शुरू

### असलहा व्यापारी नंदलाल आत्महत्या मामला

**केटी न्यूज/बलिया**

असलहा व्यापारी नंदलाल आत्महत्या मामले में सात आरोपियों की सशर्त जमानत हो गई। पुलिस ने जमानत के एक दिन बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। विवेचक अजय त्रिपाठी ने घटना की जांच कर करीब 500 सौ पन्ने में आरोपियों की घटना में संलिप्तता की जांच रिपोर्ट न्यायालय में जमा किया। मृतक नंदलाल की पत्नी मोनी गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने दो फरवरी को 13 नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के 42 दिन बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल किया। वहीं दूसरी तरफ आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए गैंगस्टर की प्रकिया शुरू कर दी है। पुलिस सूदखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मूड में है। एसपी राज करन नय्यर भी घटना के बाद सूदखोरों पर कड़ी कार्रवाई की बात कह चुके हैं। पूर्वांचल में पहला सूदखोरी एंटी सेल का गठन किया है। जिसमें पीड़ित की शिकायत पर सेल तत्काल कार्रवाई कर रहा है।

## जिला जज, डीएम-एसपी ने जेल का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिला जज के साथ ही डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से पुलिस फोर्स के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। आला अफसर जेल के अंदर सीधे बैरकों में पहुंचे और बड़े अपराधियों के भैरव को की तलाशी ली। इस दौरान जेल में मोबाइल सहित अन्य आपत्तिजनक सामानों की छानबीन की गई। जेल में निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे और मुलाकाती रजिस्टर को भी चेक किया गया। जेल परिसर, कार्यालय व मेस आदि की साफ सफाई का अधिकारियों ने जायजा लिया। जिला जज एवं जिलाधिकारी ने जेलर को निर्देश दिया कि परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए तथा साफ-सफाई आदि के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश का पालन हो। जबकि पुलिस अधीक्षक ने जेल में बंद बड़े अपराधियों पर पैनी नजर रखने कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए जेलर को निर्देशित किया। अधिकारियों के औचक निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग में कोई आपत्तिजनक सामान प्रकाश में नहीं आया।

### गाजीपुर में डीआईजी ने पुलिस अफसरों के साथ अपराध की समीक्षा की, बोले-बिहार बॉर्डर पर तस्करी करने वालों पर रखें कड़ी नजर

# डीआईजी का निर्देश... इनामी व टॉप टेन अपराधियों पर करें कार्रवाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- थानों में लंबित मुकदमों के निस्तारण करने का निर्देश
- पीड़ित महिलाओं की समस्या सुनने व उसका निस्तारण तत्काल करने को कहा

पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र अखिलेश कुमार चौरसिया बुधवार को गाजीपुर जनपद का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में एसपी ओमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ परिचयात्मक गोष्ठी की। इसके बाद जनपद के भौगोलिक एवं आपराधिक स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही थानेवार अपराध की समीक्षा भी की।

डीआईजी ने विभिन्न थानों में टॉप टेन एवं ईनामिया अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। थानों में लंबित मुकदमों के निस्तारण तथा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई में और सक्रियता लाने एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने में लापरवाही बर्दाश्त न करने एवं एएसपी व क्षेत्राधिकारियों से समय-समय पर मॉनिटरिंग करने की बात कही। पीड़ित महिलाओं की समस्या प्राथमिकता से सुनने एवं उसका निस्तारण तत्काल करने को कहा। यूपी -बिहार बॉर्डर पर तैनात थानाध्यक्षों से बॉर्डर पर होने वाले अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के साथ ही पशु तस्करी पर रोकथाम लगाने की दिशा में कार्रवाई तेज करने व अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखने को कहा।

### डीआईजी ने पुलिस टीम के साथ विशेश्वरगंज मोहल्ले में किया रूट मार्च



**गाजीपुर।** डीआईजी वाराणसी अखिलेश कुमार चौरसिया बुधवार को नगर स्थित विशेश्वरगंज मोहल्ले में सड़क पर उतरकर पैदल ही रूट मार्च किया। आगामी त्योहारों के मद्देनजर लोगों से पूछताछ की। उनके साथ पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने चैत्र नवरात्र व रमजान के दृष्टिगत लोगों की भावनाओं को जाना और समझा। उनसे उनकी समस्याएं भी पूछी। जनपद पुलिस का कॉपोरेशन आम जनता के साथ है या नहीं इस बारे में भी जमीनी तहकीकात की।

## एक नजर

### मऊ के जिलाधिकारी ने की पेयजल योजनाओं की समीक्षा, धीमी गति पर जताई नाराजगी

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत संचालित पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।



हर घर नल योजना फेज 2 के अंतर्गत जनपद मऊ हेतु नामित कार्यदाई संस्था मेसर्स एलसी इंफ्रा द्वारा अब तक 218 नग पेयजल योजनाओं का डीपीआर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को जिला पेयजल योजना एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से प्रेषित किया गया। जिनमें से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा 213 नग डीपीआर को स्वीकृति भी मिल चुकी है। संस्था द्वारा वर्तमान में 152 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था द्वारा स्वीकृत 213 नग डीपीआर के सापेक्ष अभी तक मात्र 152 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारंभ करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 1 हफ्ते के अंदर श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा रिग मशीन, ओपी यूनिट, कंप्रेसर की संख्या को बढ़ाते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को टीपीआई से रिपोर्ट लेकर संबंधित संस्था के खिलाफ नोटिस भेजने के भी निर्देश दिए। कार्यदाई संस्था केएलएसआर द्वारा भी कार्यों को निर्धारित समय से पूर्ण होने ना होने पर उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। अन्य कार्यदाई संस्थाओं जीए विश्वनाथ तथा दो अन्य संस्थाओं के कार्यों की प्रगति संतोषजनक पाई गई। फिर भी जिलाधिकारी ने इस प्रगति को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।

### अपर जिलाधिकारी ने दुर्घटना वाले क्षेत्रों में ब्रेकर बनाने का दिया निर्देश

**मऊ।** अपर जिलाधिकारी भानू प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कहकशा खातून ने बताया कि जनपद के ऐसे 25 स्थानों का चिन्हाकन किया गया है जहॉ पर दुर्घटना ज्यादा होती है। अपर जिलाधिकारी ने ऐसे सभी जगहो पर जहॉ पर दुर्घटना ज्यादा होती है वहां ब्रेकर बनाने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को दिये। उन्होने यातायात प्रभारी को शहर के अन्दर नो इण्ट्री का समय शाम को 09:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक निर्धारित करने के निर्देश दिये। इसका उलंघन करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ने आटो रिक्सा चालको द्वारा गाना बजाकर रिक्शा चलाने पर वाहन को सीज करने के सख्त निर्देश यातायात प्रभारी को दिया। उन्होंने जनपद के प्रमुख जाम लगने वाले चौराहो को डेवलप कर लाईट लगाने की बात कही। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने स्कूली बसों का निरीक्षण कर उसके फिटनेस को सुनिश्चित करने के निर्देश सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को दिये। फिटनेस सही नही होने पर चलान करने के भी निर्देश दिये। वहान चलाते समय मोबाईल का प्रयोग करने पर यातायात प्रभारी को चलान करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी द्वारा दिये गयें। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कहकशा खातुन आदि उपस्थित रहें।

### सड़क किनारे गड्ढे में मिला नवजात का शव

**मऊ।** मोहम्मदाबाद वालीदपुर मार्ग स्थित मुख्य गेट के निकट सड़क के किनारे एक गड्ढे में नवजात शिशु का शव दिखाई देने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह लगभग 11:00 बजे राहगीर उस रास्ते से आ रहे थे कि उनकी नजर सड़क के किनारे गड्ढे में पड़ी तो नवजात शिशु का शव देखकर घबरा गए तथा इसी बीच किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। कुछ ही देर में सैकड़ों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी वलीदपुर मनोज सिंह ने पहुंचकर नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

### कोरंटाडीह डाक बंगले के सामने अज्ञात वाहन की ठोकर से एक अधेड़ गम्भीर रूप से घायल

**बलिया।** जिले नरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरंटाडीह डाक बंगले के सामने अज्ञात वाहन की ठोकर से एक अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी स्थिति उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी के। लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार नरही थाना क्षेत्र के ग्राम एंकौनी निवासी केदार सिंह 55वर्ष गांव की बैंक शाखा में किसी काम से बुधवार को सुबह गये हुए थे जहां से घर वापस आते समय कोरंटाडीह डाक बंगले के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी के लिए रेफर कर दिया

### इयरफोन लगाकर रेलवे ट्रैक पर घूमने निकले बलिया के युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**बलिया।** रायबरेली में हुए दर्दनाक हादसे में बलिया के युवक की मौत हो गई। वह ईयरफोन लगाकर रेलवे ट्रैक पर घूमने चला गया। अचानक ट्रेन आ गई और युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बता दें कि बलिया जिले के मुनि छपरा थाना रेवती निवासी राहुल मिश्रा (27) क्षेत्र में एक कार के शोरूम में सर्विस मैनेजर के पद पर तैनात था। गंगागंज रेलवे स्टेशन के नजदीक वह परिवार के साथ किराये पर कमरा लेकर रहता था। सोमवार देर शाम ड्यूटी से घर लौटकर आया और करीब 7 बजे घर से निकलकर स्टेशन की ओर टहलने चला गया। इस दौरान ट्रैक पर अचानक ट्रेन आ गई लेकिन राहुल को उसकी आवाज सुनाई नहीं दी। राहुल ट्रेन की चपेट में आ गया।